संघ लोक सेवा आयोग
मुख्य परीक्षा-2020
(सामान्य अध्ययन-I)
मॉडल पेपर-1

निर्धारित समय : 3 घंटे **अधिकतम अंक : 250**

1. "अंजता चित्रकला की शैली विश्व की शैलियों से भिन्न है, अजंता के चित्र स्वयं में एक व्यक्तित्व हैं।" इस कथन के आलोक में अंजता चित्रकला की विशेषताओं की व्याख्या कीजिये। **(150 शब्द) 10**
2. क्या आपके मत में 1857 ई. के विद्रोह की प्रकृति राष्ट्रीय थी? परीक्षण करें। **(150 शब्द) 10**
3. राष्ट्रीय चेतना का भाव जाग्रत करने में स्वदेशी आंदोलन की भूमिका की समीक्षा कीजिये। **(150 शब्द) 10**
4. तापीय प्रतिलोमन से आप क्या समझते हैं? स्पष्ट करें एवं इसके महत्त्व पर चर्चा करें। **(150 शब्द) 10**
5. अनेक प्राकृतिक कारकों एवं मानवीय अतिक्रमण के कारण वनों में आग लगने की घटनाओं में अत्यधिक वृद्धि हुई है। वनों में लगने वाली आग उस क्षेत्र विशेष की पारिस्थितिकी के साथ-साथ अर्थव्यवस्था को भी व्यापक स्तर पर क्षति पहुँचाती है। समालोचनात्मक मूल्यांकन करें। **(150 शब्द) 10**
6. भारत में लौह एवं इस्पात उद्योग की समस्याओं पर प्रकाश डालिये। **(150 शब्द) 10**
7. भारत में लवणीय मृदा क्षेत्रों की पहचान कीजिये। इन क्षेत्रों में लवणीकरण के कारणों का उल्लेख करते हुए इसके प्रभावी नियंत्रण हेतु उपाय सुझाएँ। **(150 शब्द) 10**
8. सहिष्णुता भारतीय समाज एवं संस्कृति की एक मुख्य विशेषता है। क्या वर्तमान में भारत में सहिष्णुता के मूल्य का क्षरण हुआ है? भारतीय समाज में सहिष्णुता की उपस्थिति के कारणों का उल्लेख करते हुए इसके तथाकथित 'क्षरण' पर अपने विचार प्रस्तुत करें। **(150 शब्द) 10**
9. भारत में महिलाओं के लिये विवाह की न्यूनतम आयु का मुद्दा वर्तमान में फिर से चर्चा में है। महिलाओं के लिये विवाह की न्यूनतम आयु में परिवर्तन की आवश्यकता तथा विवाह योग्य आयु निर्धारण संबंधी चुनौतियों पर प्रकाश डालें। **(150 शब्द) 10**
10. क्या क्षेत्रवाद, राष्ट्रवाद का विरोधी है? अपना मत प्रकट करें तथा क्षेत्रवाद के बढ़ते दायरे के लिये उत्तरदायी कारकों को स्पष्ट करें। **(150 शब्द) 10**
11. असहयोग आंदोलन एवं सविनय अवज्ञा आंदोलन की प्रवृत्तियाँ कितनी समान एवं भिन्न थीं? परीक्षण करें। **(250 शब्द) 15**
12. आप कहाँ तक सहमत हैं कि भारत में अंग्रेजों द्वारा लागू स्थायी बंदोबस्त नामक व्यवस्था कई महत्त्वपूर्ण मोर्चों पर असफल रहने के बावजूद एक प्रगतिशील व्यवस्था थी? चर्चा कीजिये। **(250 शब्द) 15**
13. औद्योगिक क्रांति के उदय को संभव बनाने में वैज्ञानिक आविष्कारों एवं तकनीकी परिवर्तनों की भूमिका का विश्लेषण करें। **(250 शब्द) 15**
14. हालिया समय में भारत के भू-जल परिदृश्य में क्या बदलाव आए हैं? स्पष्ट कीजिये तथा इन बदलावों से उपजीं समस्याओं एवं इनके समाधानों का वर्णन कीजिये। **(250 शब्द) 15**
15. भूंकप झुंड की अवधारणा को स्पष्ट करें। 'भूकंप झुंड' को नियमित भूकंप से पृथक् करते हुए समझाइये कि उसका प्रभाव किस प्रकार से भिन्न होता है? **(250 शब्द) 15**
16. देश के लोगों के जीवन में सुगमता एवं उनके तीव्र आर्थिक विकास हेतु आपके मत में भारतीय शहरी क्षेत्रों को पुनर्परिभाषित करने की कितनी आवश्यकता है? परीक्षण करें। **(250 शब्द) 15**
17. वायुमंडलीय स्थिरता एवं अस्थिरता को स्पष्ट करें तथा वायुमंडलीय अस्थिरता के विभिन्न प्रकारों का वर्णन करें। **(250 शब्द) 15**
18. भारत में उद्योगों की स्थापना के लिये उत्तरदायी कारणों को बताते हुए विभिन्न प्रकार के उद्योगों की व्याख्या करें। **(250 शब्द) 15**
19. भूमिका संघर्ष से आप क्या समझते हैं? भारत में कामकाजी महिलाओं के मध्य विद्यमान भूमिका संघर्ष की प्रकृति का विश्लेषण कीजिये। **(250 शब्द) 15**
20. वैश्वीकरण ने भारतीय समाज को किस सीमा तक नकारात्मक रूप से प्रभावित किया है? समझाइये। **(250 शब्द) 15**

Drishti IAS